भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1092
दिनांक 5 फरवरी, 2026

गैस अवसंरचना और लक्ष्यों की स्थिति

†1092. **श्री मलविंदर सिंह कंगः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बालाचौर, गढ़शंकर, चमकौर साहिब और खरड़ खंडों सहित रूपनगर, होशियारपुर और एसएएस नगर (मोहाली) जिलों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) अवसंरचना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) जनवरी, 2026 तक इन खंडों में घरेलू पीएनजी कनेक्शनों और सीएनजी स्टेशनों के लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के लक्ष्यों और वास्तविक संचयी उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) संबंधित नगर गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों द्वारा प्राधिकृत लक्ष्यों और वास्तविक कार्यान्वयन के बीच कथित भिन्नता के क्या कारण हैं;

(घ) बालाचौर के पराली जलाने वाले संभावित क्षेत्रों में सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (एसएटीएटी) पहल के अंतर्गत संपीड़ित बायो-गैस (सीबीजी) संयंत्रों के लिए आवेदनों की वर्तमान स्थिति क्या है और इन अनुमोदनों में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा प्राधिकृत एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आनंदपुर साहिब लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अवसंरचना के अंतर को समाप्त करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ङ) पाईप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन देना, संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन स्थापित करना और पाइपलाइन अवसंरचना बिछाना सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा हैं, जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियाँ उनके न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार करती है।

आनंदपुर निर्वाचन क्षेत्र में रूपनगर, होशियारपुर और एसएएस नगर (मोहाली) बालाचौर, गढ़शंकर, चमकौर साहिब और खरड़ क्षेत्र के जिले शामिल हैं।

रूपनगर, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को प्राधिकृत रूपनगर जिले के भौगोलिक क्षेत्र (जीए) का हिस्सा है, होशियारपुर, गुजरात गैस लिमिटेड को प्राधिकृत होशियारपुर और गुरदासपुर जिलों के जीए का हिस्सा है और एसएएस नगर (मोहाली), सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए टोरेंट गैस लिमिटेड को प्राधिकृत एसएएस नगर जिले (ईएएए), पटियाला और संगरूर जिलों के जीए का हिस्सा है।

बालाचौर, शहीद भगत सिंह नगर (एसबीएस नगर) जिले में आता है, जो थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड को प्राधिकृत जालंधर जिले (ईएएए), कपूरथला और एसबीएस नगर जिलों के जीए का हिस्सा है।

बालाचौर, गढ़शंकर, चमकौर साहिब और खरड़ खंड संबंधित प्राधिकृत जीए के अंतर्गत आते हैं। एमडब्लूपी लक्ष्य जीए स्तर पर परिभाषित किए गए हैं, न कि खंड-वार। दिनांक 30.11.2025 की स्थिति के अनुसार पीएनजी (डी) कनेक्शन और सीएनजी स्टेशनों के एमडब्ल्यूपी लक्ष्य की तुलना मे संचयी उपलब्धियों का जीए-वार विवरण अनुलग्नक में है।

प्राधिकृत सीजीडी कम्पनियो को अपने संबंधित प्राधिकरणों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर एमडब्ल्यूपी लक्ष्य प्राप्त करने होंगे। प्राधिकृत सीजीडी कंपनियों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों को प्राप्त करने में देरी के कारणों में,अन्य बातों के साथ-साथ, वैधानिक प्राधिकरणों/निकायों द्वारा अनुमति देने में देरी और उच्च उपयोग का अधिकार (आरओयू)/मार्ग का अधिकार (आरओडब्ल्यू) शुल्क शामिल हैं।

सरकार और पीएनजीआरबी कंपनियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के आधार पर सीजीडी नेटवर्क की प्रगति की निगरानी करते हैं। यदि कोई देरी या कमी होती है, तो पीएनआरबी कम्पनी को सुधारात्मक कार्रवाई करने की सलाह देता है। इसमें उन्हें प्रगति समीक्षा बैठकों या मौजूदा नियमों के तहत वैधानिक सुनवाई के लिए बुलाना शामिल है ताकि चुनौतियों और प्राधिकृत जीए में उनके एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों पर नवीनतम अपडेट पर चर्चा की जा सके। इसके अलावा, सरकार संबंधित राज्यों में सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए राज्य सरकारों के साथ नियमित बातचीत और बैठकें करती है और इस संबंध में आने वाली चुनौतियों का समाधान करती है।

सरकार ने पंजाब सहित पूरे देश में, संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए गोवर्धन पहल के तहत कई मंत्रालयों और विभागों को शामिल करते हुए "पूरी सरकार" का दृष्टिकोण अपनाया है। सरकार की भूमिका सीबीजी परियोजनाओं के लिए एक अनुकूल माहौल बनाना है। सीबीजी संयंत्र की स्थापना उद्यमी और अन्य इच्छुक संस्थाएं अपने तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन के आधार पर करते हैं। गोबर्धन पोर्टल पर दी गई जानकारी के अनुसार, पंजाब में 10 सीबीजी संयंत्र आरम्भ किए गए हैं, जबकि 13 निर्माणाधीन हैं।

*****

अनुलग्नक

'गैस अवसंरचना और लक्ष्यों की स्थिति' के संबंध में दिनांक 05.02.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1092 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 31.11.2025 की स्थिति के अनुसार पीएनजी कनेक्शन और सीएनजी स्टेशन का ब्यौरा -

क्रम सं.	यूनिक जीए आईडी	भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क	राज्यकेंद्र / शासित प्रदेश	प्राधिकृत सीजीडी कंपनी	प्राधिकरण की तारीख	लक्ष्य पूर्ण होने की तारीख	पीएनजी(घरेलू) कनेक्शन		सीएनजी स्टेशन	
							एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	उपलब्धि	एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	उपलब्धि
1.	6.06	रूपनगर जिला	पंजाब	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	10-जून-16	30-जून-23	6782	9653	एनए	19
2.	9.52	एसएएस नगर जिला (ईएएए), पटियाला और संगरूर जिले		टोरेंट गैस लिमिटेड	26-सितंबर-18	30-सितंबर-28	520200	13548	54	36
3.	9.54	जालंधर जिला (ईएएए), कपूरथला और एसबीएस नगर जिले		थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड	26-अक्टूबर-18	31-दिसम्बर-28	386147	15623	51	22
4.	10.33	होशियारपुर और गुरदासपुर जिले		गुजरात गैस लिमिटेड	29-मार्च-19	31-मार्च-29	600123	7407	81	40

स्रोत: पीएनजीआरबी